# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री से की मुलाकात

**चर्चा**

**8 मुख्यमंत्री ने कहा कि रेल सेवाओं के विस्तार से पर्यटकों के लिए आने वाले समय में यातायात सुगम होगा।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में रेल भवन पहुंचकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री धामी ने रेलमंत्री से लखनऊ से देहरादून के बीच "वंदे भारत एक्सप्रेस" के संचालन और पर्वतीय क्षेत्रों में रेल सेवा के विस्तार के दृष्टिगत बहुप्रतीक्षित टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन निर्माण की यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के लिए अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद से काठगोदाम, हरिद्वार और देहरादून को जोड़ने हेतु सीधी रेल सेवा शुरू करने, दून एक्सप्रेस में कोटद्वार के कोच का व जनता एक्सप्रेस में रामनगर के कोच का पुनः परिचालन करने और टनकपुर से राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी तक नई रेल सेवा प्रारम्भ करने का अनुरोध किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि रेल सेवाओं के विस्तार से प्रदेशवासियों और पर्यटकों के लिए आने वाले समय में यातायात सुगम होगा। साथ ही पर्यटन प्रमुख राज्य होने के कारण प्रदेश की आर्थिकी भी सशक्त होगी।
केंद्रीय रेल मंत्री ने हर सम्भव सहयोग के प्रति मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया।

## दुग्ध संघों में समितियों के चुनाव की हुई घोषणा, इस तारीख को होगा मतदान

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों के सभापति और प्रबंधन समिति सदस्यों के चुनाव की तारीख घोषित कर दी गई है। नौ दिसंबर को मतदान होगा और इसी दिन चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।
उत्तराखंड में दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों के सभापति और प्रबंधन समिति सदस्यों के चुनाव की तारीख घोषित कर दी गई है। सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण की सचिव रमिंद्री मंद्रवाल के मुताबिक, नौ दिसंबर को प्रबंध समिति के सदस्यों और 10 दिसंबर को सभापति का चुनाव होगा। इस दिन नामांकन पत्र दिए और जमा कराने के बाद जांच होगी।
आपत्तियों का भी इसी दिन निराकरण करने के बाद मतदान होगा और परिणाम भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे।चुनाव प्रक्रिया 25 नवंबर से शुरू होगी। इसी दिन अनंतिम मतदाता सूची जारी होगी।



26 नवंबर को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। 28 को नामांकन पत्रों की बिक्री
02 दिसंबर को नामांकन पत्रों की वापसी, तीन को चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा।
नौ दिसंबर को मतदान होगा और इसी दिन चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# प्रशासन ने काबुल हाउस खाली कराया, दरवाजों पर लगाई सील



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पिछले करीब 70 सालों से वहां रहने वाले लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया। वहां रहने वाले परिवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें मकान खाली करने के लिए सूचना देर से दी गई। देहरादून जिला प्रशासन ने शत्रु संपत्ति घोषित हुए काबुल हाउस को खाली कराने के लिए टीम भेज दी। टीम ने करीब 16 परिवारों से परिसर खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कराई। घरों में रखा सामान बाहर निकालकर दरवाजों पर सील लगा दी गई।
पिछले करीब 70 सालों से वहां रहने वाले लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया। वहां रहने वाले परिवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें मकान खाली करने के लिए सूचना देर से दी गई। प्रकरण में हाईकोर्ट ने राहत देते हुए सभी परिवारों को मकान खाली करने के लिए एक दिसंबर तक का समय दे दिया है। काबुल हाउस को शत्रु संपत्ति घोषित किया जा चुका है। आजादी के समय से यहां पर करीब 16 परिवार निवास कर रहे हैं। इन परिवारों का कोर्ट में मामला लंबित था।

# खाद्य विभाग की टीम ने जब्त किया चार क्विंटल नकली पनीर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को चार क्विंटल नकली पनीर जब्त किया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जब्त पनीर को नष्ट करा दिया है। दीपावली से पहले त्योहारी सीजन में मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं। इसी के चलते खाद्य सुरक्षा विभाग ने भी मिलावट खोरों के खिलाफ कमर कसी हुई है। आज तड़के करीब 3 बजे जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमएन जोशी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने हरिद्वार जनपद में बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की। एफडीए विजिलेंस



टीम ने चेकिंग के दौरान एक बोलेरो वाहन को रोका। तलाशी लेने पर बोलेरो से चार क्विंटल पनीर बरामद हुआ, जिसे देहरादून ले जाया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पनीर के सैंपल लेकर जांच के लिए सील कर भेज दिए तथा पनीर को मौके पर नाश कर दिया। टीम मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस की गिरफ्त में आया हत्या का आरोपित

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दहेज हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम बंदरजुड़ा थाना देवबंद जनपद सहारनपुर, उप्र निवासी जयद्रथ पुत्र सुग्गन ने 8 अक्टूबर को अपनी पुत्री की दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने के संबंध में कलिसर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। हत्या के बाद से मृतका का पति व अन्य फरार चल रहे थे। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। पुलिस ने आरोपित को कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपित का नाम दीपक



कुमार पुत्र मित्तल निवासी ग्राम हबीबपुर नवादा थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार बताया गया है।
पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

# बैटरी चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने ई-रिक्शा से बैटरी चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की दो बैटरी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के सीतापुर निकट मैदा मिल, बालाजीपुरम निवासी सुनील प्रजापति पुत्र स्व. किशन लाल ने 1 नवम्बर को अज्ञात चोरों द्वारा ई रिक्शा संख्या यूके 08 ई आर 6185 से बैटरी चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले।
पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ करते हुए आरोपित को ट्रांसपोर्ट



नगर सराय रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से 2 चोरी की बैटरियां बरामद की। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम बिलाल पुत्र याकुब निवासी बड़ी सड़क मोहल्ला पावधोई कोतवाली ज्वालापुर, हरिद्वार बताया।

# जिहाद से मुक्त उत्तराखंड की मांग को लेकर शुरू की पदयात्रा



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
देवभूमि उत्तराखंड को जिहाद से मुक्त करने की मांग को लेकर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के शिष्य यति रामस्वरूपानंद महाराज ने प्रदेश के सभी जिलों में रक्तपत्र लिख कर अभियान चलाया। आज सभी रक्त लिखित पत्रों को लेकर पदयात्रा के रूप में हरकी पैड़ी से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास की ओर कूच किया।
पदयात्रा आरम्भ करने से पहले सभी सतों ने श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक के साथ मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की। पंडित अधीर कौशिश ने श्री अखंड परशुराम अखाड़े की ओर से यात्रा को समर्थन दिया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया।
इस दौरान महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने हर

**अभियान**

**8 सतों ने श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष अधीर कौशिक के साथ मां गंगा की पूजा-अर्चना की**

की पौड़ी पर उपस्थित संतों और श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जिहाद और जिहादी सम्पूर्ण मानवता का कैंसर बन चुके हैं। आज इनसे लड़ना पड़ेगा।
उन्होंने कि देवभूमि उत्तराखंड सनातन धर्म और संस्कृति की आध्यात्मिक ऊर्जा का सबसे प्रमुख स्थान है। इस पर जिहादियों का कब्जा सनातन धर्म और धर्मावलंबियों के लिए बहुत विनाशकारी सिद्ध होगा। विश्व के हर हिन्दू को देवभूमि उत्तराखंड को जिहाद और जिहादियों से मुक्त करवाने के लिये लड़ना ही चाहिये।

# 8-9 दिसंबर को दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का होगा आयोजनः सुनीता बोडाई

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुनीता बोडाई विद्यार्थी ने कहा कि उत्तराखंड में आगामी 8-9 दिसंबर को दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को कराए जाने का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों को लाभ पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि विकास सम्मेलन का स्थान बाद में तय किया जाएगा।
ऋषिकेश में भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड से लगातार हो रहे पलायन को रोकने के लिए बड़े-बड़े उद्योगों को स्थापित किए जाने के लिए विश्व भर की संस्थाओं से एग्रीमेंट किया गया है। उत्तराखंड में आने वाले




उद्योगपतियों को सिंगल विंडो के माध्यम से सुविधा उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिससे 10 लाख से अधिक बेरोजगार लाभान्वित होने वाले हैं। इससे लोकल फॉर वोकल को भी बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही उत्तराखंड को विश्व स्तरीय पटल पर ले जाना भी है। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी ने देश और विदेश में कई स्थानों पर जागरूकता अभियान भी चलाया है।उन्होंने कहा कि ऊर्जा प्रदेश के नाते विद्युत के क्षेत्र में भी बड़े कदम उठाए गए हैं, जिसके कारण उत्तराखंड का नाम भी विश्व स्तर पर बढ़ा है। इतना ही नहीं ऋषिकेश की पहचान भी अंतरराष्ट्रीय योग की राजधानी के रूप में बढ़ी है, जहां पर्यटक और तीर्थाटन के क्षेत्र में भी काफी कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पिछली सरकार ने जो कार्य किया उनको बढ़ाए जाने का कार्य किया है, जिसके कारण सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिला है। आज सरकार के कार्य के कारण पर्यटन और तीर्थाटन क्षेत्र में भी काफी विकास किया गया है।

# त्रिवेणी घाट परिसर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम ऋषिकेश तहसील प्रशासन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित त्रिवेणी घाट परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया।
शुक्रवार की सुबह त्रिवेणी घाट और उसके आसपास के क्षेत्रों में गंगा किनारे फैली गंदगी प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट एकत्रित कर नगर निगम के एमआरएफ सेंटर में भेजा गया।
सफाई अभियान के अंत में नगर आयुक्त राहुल गोयल ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई।



उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे।

# बदरी विशाल के दर्शन को पहुंचे महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, की पूजा अर्चना

**गोपेश्वर ( चमोली)/टीम एक्शन इंडिया**
महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे आज शुक्रवार को बदरीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बदरी विशाल के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। वह सुबह 10 बजे बदरीनाथ धाम पहुंचे थे। इस दौरान मंदिर समिति ने उनका स्वागत किया और उन्हें प्रसाद भेंट किया। बताया जा रहा है कि इसके बाद अब वे केदारनाथ धाम भी जाएंगे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर ने किए बदरी-केदार के दर्शन

केंद्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल परिवार के साथ धाम पहुंचे और बदरी-केदार के दर्शन किए। उनके साथ मुंबई के सांसद मनोज कोटक भी थे।
केंद्रीय मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल सुबह आठ बजे हेलीकॉप्टर से केदारनाथ पहुंचे। बीकेटीसी के कार्याधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री मोरेश्वर व सांसद मनोज ने बाबा केदार के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने श्रद्धालुओं से बातकर यात्रा की जानकारी ली।
उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ फोटो भी खिंचवाई। इसके बाद वह बदरीनाथ पहुंचे।
यहां बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने उनका स्वागत किया। दर्शनों के बाद उन्हें भगवान का प्रसाद और अंगवस्त्र भेंट किए गए। इस दौरान धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मंदिर के अधिकारी राजेंद्र चौहान और मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में बदलेंगे भवनों की ऊंचाई और निर्माण संबंधी मानक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ आपदा के बाद सरकार पर्वतीय शहरों की धारण क्षमता को लेकर गंभीर है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) की ओर से धारण क्षमता का आकलन कराया जा रहा है।उत्तराखंड में जोशीमठ आपदा के बाद अब सरकार भवनों की ऊंचाई और नए निर्माण के मानक बदलने जा रही है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की सिफारिश पर भवन उपविधि (बिल्डिंग बॉयलॉज) में बदलाव होने जा रहा है। बृहस्पतिवार को अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने इस संबंध में बैठक कर चर्चा की। जोशीमठ आपदा के बाद सरकार पर्वतीय शहरों की धारण क्षमता



को लेकर गंभीर है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) की ओर से धारण क्षमता का आकलन कराया जा रहा है। इस बीच एनडीएमए ने भी भवन उपविधि में बदलाव की सिफारिश की है।
राज्य में मैदानी क्षेत्र में भवन की

**बदलाव**

**8 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सिफारिश पर बिल्डिंग बॉयलॉज में बदलाव होने जा रहा है।**

ऊंचाई अधिकतम 30 मीटर और पर्वतीय क्षेत्र में 12 मीटर निर्धारित है।
सरकार अब इसमें परिवर्तन करने जा रही है। माना जा रहा है कि पर्वतीय क्षेत्रों में ऊंचाई में कुछ कमी की जा सकती है।
500 वर्ग मीटर से अधिक के प्लॉट पर निर्माण करने वालों को यहां ग्रीन एरिया बनाने के साथ ही पेड़ भी लगाने होंगे। ग्रुप हाउसिंग, बड़ी इमारतों का नक्शा तभी पास होगा, जब उन्हें ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेट मिलेगा। इसके लिए एजेंसी निरीक्षण करेगी। 300 गज के प्लॉट में घर के बाहर का 10 से 15 प्रतिशत हिस्सा ग्रीनरी के लिए रखना अनिवार्य होगा।
बड़े आवासों में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाना होगा। मसलन, यूपीसीएल की सोलर रूफ टॉप या उरेडा के छोटे सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट। इससे बिजली की बचत होगी। कार्बन उत्सर्जन में भी गिरावट आएगी। पानी की बचत के लिए सभी फ्लैट में पेशाबघर बनाना अनिवार्य होगा।
भवनों के नक्शे पास कराने को लेकर नए मानक तैयार होंगे।

## उत्तराखंड रोडवेज बसों में खाद्य पदार्थ लाने पर ड्राइवर-कंडक्टर पर होगी सख्त कार्रवाई

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
बसों में मावा, पेठा, पनीर व अन्य खाद्य पदार्थ दूसरे राज्यों से उत्तराखंड लाने पर ड्राइवर और कंडक्टर पर सख्त कार्रवाई होगी। त्योहारी सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर उत्तराखंड परिवहन निगम भी सख्त हो गया है। अब रोडवेज बसों में मावा, पेठा, पनीर व अन्य खाद्य पदार्थ दूसरे राज्यों से उत्तराखंड लाने पर ड्राइवर और कंडक्टर पर सख्त कार्रवाई होगी। इसे लेकर परिवहन निगम के महाप्रबंधक दीपक जैन ने आदेश जारी कर दिया है।

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 16.11.2023 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in (कैटलॉग-23-MB-PMBJK-1) पर उपलब्ध है।
3429/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है : सुरेश भट्ट

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने शुक्रवार को कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार उत्तराखंड के कोने-कोन तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं को राज्य के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।
रामपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए सुरेश भट्ट ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नवजात शिशु से लेकर गर्भवती महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के लिए सरकारी चिकित्सालय में प्रसव कराने में शहरी क्षेत्र की महिलाओं को एक हजार रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 1400 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है तथा हर माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की जाती है।
उन्होंने कहा कि राज्य भर में 108 एम्बुलेंस सेवा की 272 गाड़ियां तथा महिलाओं को प्रसव के उपरांत निशुल्क घर छोड़ने के लिए राज्यभर में 128 वाहन संचालित किये जा रहे हैं।
भट्ट ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य संबंधी सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को इसका लाभ पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य होगा।

## दोपहर बाद बदला मौसम, बदरीनाथ धाम में बर्फबारी, यमुनोत्री में बारिश

**उत्तराखंड** के ऊंचाई वाले इलाकों में आज शुक्रवार को मौसम ने फिर करवट बदली। दोपहर बाद बदरीनाथ धाम में बर्फबारी हुई। वहीं, यमुनोत्री धाम सहित आसपास के क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। यमुनोत्री धाम से मनमोहन उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम में तीन बजे से चार बजे तक बारिश हुई, जिससे धाम में ठंड बढ़ गई है।
वहीं आज चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि छह नवंबर तक मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले दिनों मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

# पुलिस और फूड सेफ्टी विभाग ने चलाया संयुक्त अभियान

**बरामद**

8 इसी के चलते शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चार क्विंटल नकली मावा बरामद किया।



**हरिद्वार**
त्योहारी सीजन को लेकर पुलिस व खाद्य सुरक्षा विभाग सतर्क हो गया है। इसी के चलते शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चार क्विंटल नकली मावा बरामद किया। इसके बाद पुलिस व विभाग की टीम ने श्यामपुर क्षेत्र में दूध, मावा, पनीर आदि की चेकिंग की तथा सैंपल लेकर लैब भेजे।
धनतेरस और दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद हरिद्वार में बॉर्डर पार से मिलावटी और सिंथेटिक सामानों की सप्लाई होती है, जिससे मिठाइयां और अन्य खाने के सामान बनाए जाने से शरीर में कई तरह की बीमारियां होने की संभावना रहती है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उत्तर प्रदेश के बिजनौर, मुरादाबाद, बरेली से आने वाले सभी दुग्ध और पनीर व अन्य सामानों से भरे हुए वाहनों को चेक किया गया। उनमें से ऐसे वाहन, जो दूध, मावा, पनीर लेकर हरिद्वार आ रहे थे, 26 के माल का सैंपल लेकर लैब में भेजा।

## संक्षिप्त खबरें

### 2005 बैच में नियुक्त शिक्षक कर्मचारियों को मुख्यमंत्री ने दिया पुरानी पेंशन का तोहफा

**देहरादून। सचिवा**लय में हुई कैबिनेट में आया वित्त विभाग का 2005 - 06 में एनपीएस के अंतर्गत नियुक्त शिक्षक कर्मचारियों के पक्ष में पुरानी पेंशन लागू करने के लिए महत्वपूर्ण फैसला। आज केंद्र की नीति को उत्तराखंड सरकार ने भी कैबिनेट ने स्वीकार कर लिया। इसके लिए लिए कर्मचारियों और शिक्षकों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत और वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल जी का बहुत बहुत धन्यवाद अदा किया। इस कार्य को परवान देने के लिए सभी शिक्षक साथियों सहित प्रकाश सिंह बिष्ट, बल्दिया, राकेश नैनवाल, हेम जोशी, एनपीएस में प्रथम सेवानिवृत्त शिक्षक सुधीर आर्य, सुभाषिनी डिमरी, सतीश कपरुवान, पूनम आर्या, खेमकरण क्षेत्री, नवीन कुमार, रेनू कांता, वेद प्रकाश कुलदीप तोमर, बलबीर सिंह, सुनीता रावत, शैलजा गौड़, मोहिनी गौड़ आदि का बहुत ज्यादा योगदान रहा।

### ईजमायट्रिप के ट्रैवल उत्सव सेल में मिलेंगें शानदार दिवाली ट्रैवल डिस्काउंट

**देहरादून।** भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म में से एक, ईजमायट्रिप डॉट कॉम ने दिवाली ट्रैवल सेल यानी ट्रैवल उत्सव सेल लॉन्च की है, जहाँ ग्राहकों को फ्लाइट, होटल, बस, कैब और हॉलिडे पैकेज पर शानदार बचत का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। यह लिमिटेड टाइम सेल 31 अक्टूबर से 08 नवंबर, 2023 तक जारी रहेगी, यह सेल बेहतरीन कीमतों पर नई दुनिया की खोज करने का गोल्डन टिकट है। दिवाली ट्रैवल उत्सव सेल के दौरान, यात्री 08 नवंबर तक कूपन कोड ईएमटीयूटीएसएवी का उपयोग करके शानदार छूट का आनंद ले सकते हैं। यहाँ आप घरेलू उड़ानों पर 2,023 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 7,500 रुपये तक की एवं घरेलू होटलों पर 4,000 रुपये और अंतरराष्ट्रीय होटलों पर 6,000 रुपये तक की बचत कर सकते हैं। यदि आप बस या कैब से यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, तो आप क्रमशः 500 रुपये तक और 12 प्रतिशत छूट के साथ 2000 रुपये तक की बचत कर सकते हैं। इसके अलावा, जिन्हें एक यादगार छुट्टियों मनाने वालों के लिए, पैकेज सिर्फ 14,999/- रुपये से शुरू हो रहे हैं। आप आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआई अमेजन क्रेडिट कार्ड (31 अक्टूबर - 4 नवंबर) का उपयोग कर अतिरिक्त छूट का लाभ उठा सकते हैं। सेल के दौरान, ईजमायट्रिप के माध्यम से बुकिंग करने वाले सभी उपयोगकताओं को सेलेक्टेड ब्रांड पार्टनर्स से वाउचर प्राप्त करने का मौका मिलेगा। सेल के दौरान, जो व्यक्ति सबसे अधिक खर्च करेगा, उसे एक आईफोन 15, टैबलेट, स्मार्टवॉच, या सिंपल पे लेटर से ईयरबड जैसे पुरस्कारों में से एक पुरुस्कार जीतने का अवसर मिलेगा।

### जेके टायर का शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 249 करोड़ रुपये हुआ

**देहरादून।** भारतीय टायर उद्योग की प्रमुख कंपनी, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जेके टायर) ने वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के लिए अपने अनअंकेक्षित परिणामों की घोषणा की है। समेकित आधार पर, शुद्ध राजस्व 4 प्रतिशत बढ़कर रु. 3,905 करोड़ हो गया और एबिडिटा वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 305 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 597 करोड़ रुपये हो गया। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा कि जेके टायर ने लाभप्रदता में कई गुना वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में राजस्व में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। बड़े बाजार में उपस्थिति पर निरंतर जोर ने सभी खंडों और उत्पाद श्रेणियों में बिक्री को बढ़ावा दिया।

### कैंपस एक्टिववियर ने ब्रांड फिल्मों का किया अनावरण

**देहरादून।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स और एथलीजर फुटवियर ब्रांडों में से एक, कैंपस एक्टिववियर ने मूव विद स्वैग अभियान के लिए अपने नवीनतम ब्रांड फिल्मों का अनावरण किया। सितारों से सजी इस ब्रांड फिल्म में हिप-हॉप सनसनी किंग और प्रसिद्ध अभिनेत्री सोनम बाजवा शामिल हैं, जो कैंपस के अनूठे फुटवियर संग्रह का प्रदर्शन करती हैं, जिसमें कैंपस ओजी, नाइट्रोफ्लाई, नाइट्रोबूस्ट और एयर कैप्सूल शामिल हैं।

## कीटनाशक खाने से बालक व सल्फास खाने से अधेड़ की मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार में कीटनाशक दवाई खाने से एक बच्चे और सल्फास खाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बीते रोज रानीपुर क्षेत्र स्थित रामधाम कॉलोनी रानीपुर निवासी कुनाल उम्र 5 वर्ष पुत्र देव कुमार ने घर की छत पर सुखाने के लिए रखे गेंहू में मिली कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। बच्चे की हालत बिगड़ता देख परिजन बच्चे को तत्काल चिकित्सालय ले गए। जहां उपचार के दौरान कुनाल की मृत्यु हो गयी। उधर, गुरुवार को ग्राम गढमीरपुर निवासी नेत्रपाल सिंह चौहान उम्र 50 वर्ष ने किसी कारणवश सल्फास खा ली।

# लघु फिल्म "गंगा द डॉटर ऑफ हिमालयास" यूट्यूब पर हुई रिलीज

**स्क्रीनिंग**

8 लघु फिल्म "गंगा द डॉटर ऑफ हिमालयास" देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित दून लाइब्रेरी में स्क्रीनिंग की गई।



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
मां गंगा के मायका मुखवा गांव की बेटी पर्वतारोही डॉक्टर देवयानी सेमवाल के जज्बे को अब पूरी दुनिया आध्यात्मिक यात्रा से देख पाएगी। शुक्रवार को देवयानी की मुख्य भूमिका से युक्त लघु फिल्म "गंगा द डॉटर ऑफ हिमालयास" वर्चुअल भारत यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो गई है।
पर्वतारोही डॉक्टर देवयानी सेमवाल ने बताया कि फिल्म निर्देशक और निमार्ता भरत बाला द्वारा बनाई गई यह लघु फिल्म, जिसका मैं हिस्सा हूं, 7 लघु फिल्मों की श्रृंखला में से एक है। इसमें उत्तराखंड की संस्कृति और सुंदरता पर 7 लघु फिल्में बनाई गई हैं। जो हर 15 दिन में आएगी और बाद में भारत के बाहर भी दिखाई जाएगी। इससे अधिक लोगों को हमारे उत्तराखंड की संस्कृति और सुंदरता के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह लघु फिल्म शुक्रवार को वर्चुअल भारत यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो गई है। उन्होंने लोगों का प्यार और समर्थन मांगा है।
लघु फिल्म "गंगा द डॉटर ऑफ हिमालयास" देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित दून लाइब्रेरी में स्क्रीनिंग की गई। दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों को फतह करने वाली उत्तरकाशी जिले के मुखबा की देवयानी के जुनून को इस शॉर्ट फिल्म में दिखाया गया है। प्रसिद्ध फिल्मकार भारत बाला की ओर से उत्तराखंड श्रृंखला की सात शॉर्ट फिल्मों को पर्दे पर दिखाया जा रहा है।
मां गंगा के मायके मुखवा गांव की है देवयानी
उत्तरकाशी के अंतिम गांव एवं मां गंगा का मायका मुखवा की गोद में पली देवयानी सेमवाल वरिष्ठ अधिवक्ता एवं गंगोत्री के रावल रविंद्र सेमवाल की सुपुत्री हैं। मुखवा गांव की देवयानी सेमवाल ने वर्ष 2019 में दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो पर तिरंगा फहराकर देश और राज्य का नाम रोशन किया था। देवयानी सेमवाल की मुख्य भूमिका वाली गंगा द डॉटर ऑफ हिमालयास को लेकर उत्तरकाशी सहित प्रदेश में भारी उत्साह है।

# 02 तस्कर दबोचे, 22 पेटी शराब बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने लाल पुल के समीप दुर्गा चौक से कार से शराब तस्करी करते हुए 02 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कार की तलाशी लेने पर कार से 22 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई।
पुलिस ने तस्करी कर रहे अखिल पुत्र राम दिया निवासी ग्राम निन्दाणा थाना महक रोहतक हरियाणा व मोहित पुत्र खुजान सिंह निवासी ग्राम सच्चा खेड़ा थाना नरवाणा जींद हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त करते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।



## उत्तराखंड के अंकित कुमार ने स्वर्ण पदक जीता

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय खेलों में 20 किलोमीटर की रेस वॉकिंग में इससे पहले सूरज पंवार और पेचक सिलाट में निखिल भारती एक-एक स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।
गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में 10 किलोमीटर की रेस में उत्तराखंड के अंकित कुमार ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने यह रेस 29 मिनट 51 सेकेंड में पूरी की। अंकित मूल रूप से पैठाणी जिला पौड़ी गढ़वाल निवासी हैं। इसे मिलाकर उत्तराखंड की झोली में अब तक तीन स्वर्ण पदक आ चुके हैं। राष्ट्रीय खेलों में 20 किलोमीटर की रेस वॉकिंग में इससे पहले सूरज पंवार और पेचक सिलाट में निखिल भारती स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
बीस सूत्रीय कार्यक्रम (बीसूका) के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने जनपद में संचालित बीसूका कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि टिहरी गढ़वाल बीसूका में प्रदेश में अव्वल है। इसके लिए जिले के अधिकारी बधाई के पात्र हैं, लेकिन इसे बरकरार रखने के लिए अधिकारी नियमित मेहनत करें।
जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बीसूका की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बीसूका की बैठक में डीएम मयूर दीक्षित ने उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला का गुलदस्ता देकर सम्मान किया।
बैठक को संबोधित करते हुए गैरोला ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने का काम अधिकारी करें। योजनाओं के संचालन व उनके प्रभावों से आम जनमानस को अवगत कराने के लिए योजनाओं का प्रचार मीडिया के माध्यम से तत्परता से करें। बीसूका के तहत ब्लाक स्तर पर भी रैंकिंग किये जाने की बात उन्होंने कही।

**सम्मान**

8 बीसूका की बैठक में डीएम मयूर दीक्षित ने उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला का सम्मान किया

बैठक में डीएम ने उरेडा अधिकारी को कम किलोवाट के सोलर रूफ टॉप के प्रचार प्रसार को लेकर छोटी-छोटी वीडियो बनाकर उपलब्ध कराने को कहा। सभी विभागों को सक्सेज स्टोरी नियमित देने और इनका प्रचार करने को कहा।
बैठक में सीडीओ मनीष कुमार ने जनपद की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी देते हुए बताया कि स्वयं सहायता समूहों से लगभग 40 हजार महिलाएं जुड़ी हुई हैं। बीते 3 अक्टूबर से आयोजित दस दिवसीय सरस मेले के अवसर पर लगभग ढाई करोड़ का लाभ स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को हुआ है।

# दीपावली विशेष: जानिए श्री राम-गीता में निहित आध्यात्मिक संदेश

**हम स**भी ने श्रीमद् भगवद् गीता, जो भारतीयों के पवित्रतम ग्रंथों में से एक है, के बारे में सुना भी है और पढ़ा भी है। पर क्या आपने उस गीता के बारे में सुना है, जो इससे कुछ वर्ष पूर्व नहीं बल्कि एक युग पूर्व सुनाई गई थी? जिसके वक्ता प्रभु श्री राम हैं और श्रोता श्री लक्ष्मण जी! जी हाँ! बिलकुल सही पढ़ा आपने, हम 'श्री राम-गीता की बात कर रहे हैं। इसका उल्लेख महर्षि वेद व्यास जी द्वारा रचित ग्रंथ, 'अध्यात्म रामायण' के उत्तराखण्ड के 5वें अध्याय में मिलता है।
कहते हैं, एक बार माँ पार्वती ने भगवान शिव के समक्ष अपनी जिज्ञासा रखी, ह्यप्रभु! अपनी भार्या सीता का परित्याग कर श्री राम ने अपना शेष जीवन कैसे जीया? तब महादेव माँ पार्वती को समझाते हुए सारगर्भित बात बोले, 'उमा! एक राजा होने के नाते प्रभु श्री राम ने राज्य के प्रति अपने सभी कर्तव्यों और दायित्वों को पूर्ण किया। परन्तु सम्पूर्ण वैभवों से संपन्न अपने राजमहल में वे एक तपस्वी की भाँति रहे और राजर्षियों जैसा आचरण किया... आज उनके व्यक्तित्व का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू, जिसमें वे एक गुरु की भूमिका में, एक ज्ञानी की भूमिका में उपस्थित हुए हैं, उसे मैं तुम्हारे समक्ष रखता हूँ।
भगवान शिव ने तदोपरांत माँ पार्वती को एक प्रसंग सुनाया- एक दिन प्रभु राम, जिनके चरणों की सेवा रमा जी करती हैं, एकांत में बैठे थे। तब वहां सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण जी पहुँचे और भक्तिपूर्वक प्रणाम कर अति विनीत भाव से बोले- ह्य...हे प्रभु! योगीजन जिनका निरंतर चिंतन करते हैं, इस संसार से छुड़ाने वाले उन आपके श्री चरण कमलों की मैं शरण में हूँ। प्रभु, आप मुझे ऐसा उपदेश दीजिये, जिससे मैं सुगमता और शीघ्रता से इस अज्ञानरूपी अपार समुद्र के पार हो जाऊँ।ह्ल
लक्ष्मण जी के इस कथन से स्पष्ट है कि वे जगत जननी सीता के परित्याग की घटना के बाद अत्यंत व्याकुल थे। यूँ तो लक्ष्मण जी स्वयं ज्ञानवान हैं, शेषनाग के अंशावतार हैं; परन्तु फिर भी प्रभु की इस लीला के पीछे निहित कारण को वे जान नहीं पा रहे थे। अपने इसी अज्ञान को दूर करने के लिए वे विनम्रतापूर्वक प्रभु राम से प्रार्थना करते हैं। तब भूपाल शिरोमणि भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण को ज्ञानोपदेश देते हैं, जिससे उनका अज्ञान, मोह और दुःख दूर हो सके।

# वीडियो स्टिंग मामले में पूर्व मुख्य शिक्षा अधिकारी गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जिला मुख्यालय पौड़ी के शिक्षा विभाग के चर्चित स्टिंग प्रकरण में आखिरकार पुलिस ने तत्कालीन मुख्य शिक्षा अधिकारी की गिरफ्तारी भी कर ली है। पुलिस ने आरोपी सीईओ को देहरादून के बिंदाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जहां आरोपी को एंटी क्रप्शन कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की रिमांड पर सुद्धोवाला जेल भेज दिया है। प्रकरण से पूर्व सीईओ का पदोन्नत होकर एससीईआरटी के निदेशक बने। प्रकरण के बाद उनका डिमोशन होकर उप निदेशक बने।
ये था मामला
शासन से परमिशन मिलने के बाद पौड़ी कोतवाली में 7 दिसंबर 2022 को वीडियो स्टिंग मामले में पौड़ी के तत्कालीन सीईओ मदन सिंह रावत, तत्कालीन डीईओ माध्यमिक हरेराम यादव और पटल सहायक दिनेश गैरोला के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इस प्रकरण को लेकर पौड़ी निवासी आशुतोष नेगी ने पुलिस को शिकायती पत्र देने समेत स्टिंग का वीडियो दिया था। जिसमें शिक्षा विभाग के अफसर को पैसे का लेन देन करते दिखाया गया था। पौड़ी पुलिस को शिकायत मिलने के बाद इस पूरे प्रकरण की जांच शुरू की गई। इसके बाद पुलिस ने शिक्षा विभाग के इस वीडियो की सत्यता की जांच के लिए चंडीगढ़ प्रयोगशाला भेजा। इसके बाद आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर शासन से परमिशन मांगी गई।
बताया गया कि इस बीच आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए उच्च न्यायालय की भी शरण ली।
लेकिन कोर्ट ने अंतरिम जमानत के प्रार्थना पत्र को भी खारिज कर दिया। साथ ही कोर्ट ने छह सप्ताह की मोहलत देते हुए कहा कि कोर्ट में सरेंडर करते हुए रेगुलर बेल मांगें। जिस पर बीते 26 सितंबर को छह सप्ताह की भी समय सीमा पूरी हो गई। पौड़ी पुलिस ने इस चर्चित स्टिंग मामले में पटल सहायक दिनेश गैरोला के रूप में पहली गिरफ्तारी बीते 15 अक्तूबर को की थी। पुलिस ने यहां बताया कि आरोपी मुख्य शिक्षा अधिकारी की गिरफ्तारी देहरादून के बिंदाल क्षेत्र से की गई। सीओ नौटियाल ने तत्कालीन सीईओ मदन सिंह रावत की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।
बताया कि मामले में जिला शिक्षा अधिकारी हरेराम यादव की तलाश जारी है। वह रिटायरमेंट के बाद से लापता चल रहे हैं।



# एचडीएफसी बैंक ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में आयोजित करेगा फेस्टिव ट्रीट्स एक्सप्रेसवे-मेगा ऑटो लोन मेला

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून। भारत** का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक, एचडीएफसी बैंक, 4 नवंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सभी 877 शाखाओं में फेस्टिव ट्रीट्स एक्सप्रेसवे- मेगा ऑटो लोन मेला लॉन्च करने के लिए तैयार है। एचडीएफसी बैंक ने राज्य भर की प्रमुख शाखाओं में अपने शीर्ष मॉडल प्रदर्शित करने के लिए प्रमुख ऑटो डीलरों के साथ साझेदारी की है। शाखा में आने वाले ग्राहक वाहनों का निरीक्षण, परीक्षण-ड्राइव, ऑटो ऋण विकल्पों के माध्यम से ब्राउज कर सकते हैं और यहां तक कि मौके पर ही कार भी बुक कर सकते हैं। फेस्टिव ट्रीट्स एक्सप्रेसवे- मेगा ऑटो लोन मेला का उद्देश्य ग्राहकों को अपनी पसंद का वाहन चुनने और विशेष रूप से तैयार किए गए फेस्टिव ट्रीट ऑफर ब्राउज करने में सक्षम बनाना है।



